छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | प्रथम सत्र | अंक-15

रायपुर, गुरूवार, दिनांक 13 फरवरी, 2014

(माघ-24, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 13 (कुल 13) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

प्रश्नोत्तर सूची में 21 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने कंपनी अधिनियम, 1956 (क्रमांक 1 सन् 1956) की धारा 619-ए की उपधारा (3) के पद (बी) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी लिमिटेड तथा उसकी सहायक कंपनियां-

(1) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड,

(2) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड,

(3) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, तथा

(4) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011-2012 **पटल पर रखे।**

3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री संतोष उपाध्याय, सदस्य ने राजिम शहर में नियमों के विपरीत शराब की दुकानें संचालित किये जाने की ओर वाणिज्यिक कर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री अमर अग्रवाल, वाणिज्यिक कर मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

4. बहिर्गमन

ध्यानाकर्षण क्रमांक 01 पर चर्चा के दौरान श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों द्वारा शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया ।

5. ध्यानाकर्षण सूचना (क्रमशः)

(2) श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य ने लोक निर्माण विभाग रायपुर संभाग क्रमांक-1 में टेण्डर आमंत्रण में अनियमितता किए जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री राजेश मूणत, लोक निर्माण मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)

6. नियम 267-क के अधीन विषय

1. श्री देवजी भाई पटेल, सदस्य ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में न्यूनतम आयु सीमा में त्रुटि होने,
2. श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य ने प्रदेश में मध्याह्न भोजन गुणवत्ताहीन होने,
3. श्री सियाराम कौशिक, सदस्य ने बुनकर समिति का कर्मशाला भवन जर्जर स्थिति में होने, एवं
4. श्री मोतीलाल देवांगन सदस्य ने जिला जांजगीर-चांपा में पावर प्लांट द्वारा भू-विस्थापितों को नौकरी न दी जाने, **संबंधी शून्यकाल की सूचना पढ़ी ।**

7. अशासकीय संकल्पों के लिए समय निर्धारण

माननीय अध्यक्ष ने घोषणा की कि आगामी शुक्रवार दिनांक 14 फरवरी, 2014 के अशासकीय दिवस हेतु निर्धारित दो अशासकीय संकल्पों संबंधी सूचना पत्रक भाग-2 के द्वारा जारी की जा चुकी है। ग्राह्य अशासकीय संकल्पों पर चर्चा हेतु निम्नानुसार समय निर्धारित किया जाता है :-

अशासकीय संकल्प क्रमांक	सदस्य का नाम	आवंटित समय
(क्रमांक - 05)	श्रीअवधेश सिंह चंदेल	1 घंटा
(क्रमांक - 07)	डॉ.खिलावन साहू	30 मिनट

8. याचिकाओं की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित उपस्थित सदस्यों की याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

1. श्री भोलाराम साहू
2. श्री श्रवण मरकाम

9. वर्ष 2014-2015 की अनुदान मांगों पर चर्चा(क्रमशः)

माननीय खाद्य मंत्री के विभागों की मांगों पर पुनर्गृहीत चर्चा में श्री सत्यनारायण शर्मा सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-
सर्वश्री लाफचन्द बाफना, धनेन्द्र साहू, अवधेश सिंह चंदेल, मोतीलाल देवांगन, श्रीचंद सुन्दरानी,

(सभापति महोदय (श्री धनेन्द्र साहू) पीठासीन हुए।)

श्री नवीन मारकण्डेय, डॉ.विमल चोपड़ा, श्रीमती चंपादेवी पावले, सर्वश्री संतराम नेताम, राजमहंत सांवलाराम डाहरे, श्रीमती अनिला भेंडिया, श्रीमती केराबाई मनहर, सर्वश्री बृहस्पत सिंह, लखन देवांगन, राजेन्द्र कुमार राय, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सर्वश्री दीपक बैज, रामलाल चौहान, संतोष उपाध्याय, अशोक साहू, श्रीमती सुनीती सत्यानंद राठिया, सर्वश्री गोवर्धन सिंह मांझी, तोखन साहू,

(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।

मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2) श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री ने पुलिस से संबंधित मांग संख्या 3, गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय से संबंधित मांग संख्या 4, जेल से संबंधित मांग संख्या 5 एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से संबंधित मांग संख्या 20 प्रस्तुत की।

मांग संख्या-3 पर सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, भूपेश बघेल, लखेश्वर बघेल, बृहस्पत सिंह, मोहन मरकाम, श्रीमती देवती कर्मा, श्री राजेन्द्र कुमार राय, श्रीमती अनिला भेंडिया **मांग संख्या-5 पर** श्री टी.एस.सिंहदेव एवं श्री राजेन्द्र कुमार राय **मांग संख्या-20 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, श्री लखेश्वर बघेल, श्रीमती अनिला भेंडिया, सर्वश्री दीपक बैज, राजेन्द्र कुमार राय, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों एवं कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री भूपेश बघेल, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया:-

श्री महेश गागड़ा।

सायं 6.31 बजे विधान सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनाँक 14 फरवरी, 2014 (माघ 25, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा

प्रमुख सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा